अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव के समीपी ग्राम ग्राम नगवारा में एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारकर निकल गया। जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मोबाइल से पता चला कि युवक का नाम चंदन पिता संतोष श्रीपाल 28 वर्षीय ग्राम नगवारा का निवासी है।

किसी काम से गोटेगांव आ रहा था लोगों ने परिजनों को बताया तो तुरंत उसकी मां और पिताजी एवं ग्राम के लोग गोटेगांव श्रीधाम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां से उस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव रेफर कर दिया गया।

ड्यूटी डॉक्टरइंदल सिंह दंडोतिया ने जांच कर युवक चंदन श्रीपाल को मृत घोषित कर दिया जिसकी तेहरीर गोटेगांव थाने पहुंचाई गई। गोटेगांव पुलिस ने मामला कायम कर शव का पंचनामा बनाया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। डॉक्टर द्वारा शव का पोस्टमाट

'म किया गया और मृत युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया । बताया गया कि चंदन को सिर में अधिक चोट और सीने से गाड़ी का पहिया निकल गया जिससे सीने की पसली टूट गई फलस्वरूप मौत हो गई यह घटना करीब दिन के 12:00 बजे की ग्राम नगवारा की है।

किसके सिर होंगा रामाकोना सरपंच का ताज़

रामाकोना, देशबन्धु । हमेशा से सुर्खियों मे रहने वाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना मे पिछले दिनों ग्राम की महिला सरपंच श्रीमती गोहेल के खिलाफ 15 पंचो ने अविश्वास प्रस्ताव पास किया गया इसकी घोषणा शुक्रवार को सम्मेलन के बाद पिठासीन अधिकारी तहसीलदार भावना मलगाम ने की ।

अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद से श्रीमती गोहेल सरपंच पद से हटाई गयी । लेकिन अब ग्राम रामाकोना के राजनैतिक गलियारों मे चर्चा का विषय ये बना हुआ है की अब रामाकोना पंचायत मे सरपंच का ताज़ किसके सिर सजेगा । हालांकि निवर्तमान सरपंच सामान्य महिला आरक्षण बतौर निर्वाचित हुई थी ।

पंचायत राज अधिनियम के अनुसार यदि अविश्वास प्रस्ताव से सरपंच अपना पद गवाती है तो स्थानापन्न सरपंच का पंद्रह दिनों भीतर उपस्थित पंचो मे से आरक्षण को ध्यान मे रखते हुए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है. अब ग्रामवासियो मे चर्चा का विषय ये है की रामाकोना मे अगला सरपंच कौन होंगा इस पर प्रश्नचिन्ह है ।

पंचगण की बैठक के बाद तय होंगा सरपंच - अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पंचो से चर्चा की गयी तो ज्ञात हुआ की पंचगणो ने एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव पास किया गया है तो आगे भी सरपंच कौन होंगा बैठक मे ही तय किया जायेगा ।

गोटेगांव खेड़ा में सुनी गई मन की बात

गोटेगांव, देशबन्धु। जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 119वें संस्करण को नगर मंडल गोटेगांव खेड़ा के बूथ क्रमांक 1 पर विशेष रूप से सुना गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जालम सिंह पटेल भी कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। यह आयोजन सरपंच श्रीमती प्रियंका राहुल खेमरिया के निवास स्थान पर संपन्न हुआ, जहां क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इंजी. गर्ग साहब, जितेंद्र चौबे, जितेंद्र पुरोहित, सत्यनारायण झारिया, अखिलेश शर्मा, डॉ. एस. के. मंडल, सुशील नेमा, युवा साथी शैलेन्द्र पवार, पार्थ शर्मा, प्रशांत सोनी, प्रदीप जैन, सुमित राय, राजेश कश्यप, गोपाल झारिया एवं घनश्याम मेहरा अंजनि सोनी सहित कई अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस संस्करण में युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भर भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नागरिकों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, सेवा भाव से कार्य करने और भारतीय संस्कृति को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का %मन की बात% कार्यक्रम हर भारतीय को प्रेरणा देने का कार्य करता है। यह हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें और देश के विकास में योगदान दें।

नगर मंडल गोटेगांव खेड़ा में मन की बात कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को सराहा और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सरपंच श्रीमती प्रियंका राहुल खेमरिया जी ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज को जागरूक करने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

सार-समाचार

साईबाबा चरण पादुका का जगह -जगह हुआ स्वागत

सौसर, देशबन्धु । सौसर स्थित साईं मंदिर में श्री शिर्डी साई बाबा जी की दिव्य चरण पादुकाओं का आगमन हुआ जिसमे विधायक विजय चौरे द्वारा चरण पादुकाओं को प्रणाम एवं पुष्प अर्पित कर समस्त क्षेत्रवासियो के सुख,शांति, समृद्धि की कामना की। दिव्य चरण पादुका यात्रा के आगमन पर समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने चरण पादुकाओं का पुष्प वर्षा से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर विधायक विजय चौरे,आनंद बक्शी,डॉ.राजेंद्र येमदे,सुनील भांगे,सतीश बोढ़खे,लक्ष्मण चाके,सुभाष कलंबे,संजय ठाकरे,देवेंद्र केदार,अमरीश जैसवाल,गणेश चौरे,राजा कलस्कर,राजा बोडे,प्रदीप इंगोले, भगवान रुंघे,दुर्गेश सनेश्वर एवं समस्त श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

साई पालकी का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

पिपलानावार, देशबन्धु। शिर्डी से निकली चरण पादुका का संतों की नगरी पिपलानावार नगर में भव्य दिव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर नगर के सैकडो भक्त जनों के द्वारा बाबा के चरण पादुका के दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित किया गया । पूजा अर्चना के साथ साईं चरण पादुका का आशीर्वाद गया । उल्लेखनीय है कि यह चरण पादुका भारत के विभिन्न नगर से गुजरकर पांढुरना से पिपला नगर पहुंची पिपला नगर में भक्त जानो द्वारा जगह जगह पर शिरडी से आए भक्त जानो का सत्कार किया गया । इस अवसर पर छिंदवाड़ा साईं मंदिर में सम्पन्न होने जा रहे रजत महोत्सव में शिरडी से आई बाबा साईं की चरण पादुका पालखी शामिल होंगी । इस अवसर पर पिपला नगर में सौसर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय रेवनाथ चौरे, अशोक चौधरी, विजय चौधरी, कैलाश चौधरी, मधुकर गायकवाड़ सर, राजीव चौधरी , बालू कैने , देवेंद्र कोचे , नंदू बावरे , वामन चौधरी ,नंदू बावरे , हितेश बालपांडे, हिमांशु डांगे , आकाश वाद्य , एवं नगर वासियों के साथ भजन मंडली के साथ नगर भ्रमण में शामिल हुए ।

वैष्णवी बड़वाइक का किया सम्मान

रामाकोना, देशबन्धु। पाण्डुर्णा जिले के गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले में प्रथम आने वाली गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल रामाकोना की छात्रा कूमारी वैष्णवी भीमराज बड़वाईक का सत्कार किया गया ।यह सत्कार नरेंद्र पालीवाल ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ पाण्डुर्णा, राजेंद्र नीमकर जिला समन्वयक भा. सं. ज्ञा. प. जिला पाण्डुर्णा के सौजन्य से विश्वैसर गांजरे जिला समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ पाण्डुर्णा, मुख्य अतिथि अजयदेव शर्मा कलेक्टर जिला पाण्डुर्णा के मुख्य आतिथ्य में सत्कार कार्यक्रम किया गया । इस अवसर छात्रा के माता पिता उपस्थित थे । छात्रा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के विधायक विजय रेवनाथ चौरे, पूर्व स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड़, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड, गुरुकुल विद्या निकेतन शाला के संचालक सदाशिव खंडाईत एवं अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संघटन मध्यप्रदेश ने शुभकामनायें एवं बधाई दी ।

मछुआरों का हुआ पंजीयन

सिवनी, देशबन्धु । उपसंचालक मत्स्योद्योग सिवनी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृ?द्धि सह योजना (पी.एम.एम.एस.वाय.) अंतर्गत नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म (एन.एफ.डी.पी.) पर मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों एवं संस्थाओं के पंजीयन हेतु कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में स्मृति लॉन में कैंप आयोजित किया गया। आयोजित कैंप में मत्स्य सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं मत्स्य व्यसाय से जुड़े लगभग एक हजार लोग उपस्थित हुए। उपसंचालक मत्स्योद्योग एवं विभागीय अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजनान्तर्गत ऋण सुविधा, सहकारी समितियों का सशक्तिकरण, जलीय कृषि बीमा, प्रदर्शन अनुदान, ट्रेसेबिलिटी, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण जैसी गतिविधि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

बाल विवाह रोकने को महाविद्यालय में व्याख्यान

जुन्नारदेव, देशबन्धु। नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में शुक्रवार 21 फरवरी को बाल विवाह रोकथाम पर एकदिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एक टांडेकर की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक 2 के परियोजना अधिकारी प्रिंस साहू एवं उनके सहयोगी राहुल विश्वकर्मा द्वारा बाल विभाग के दुष्प्रभाव बताए गए। श्री साहू द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया गया जिसमें बाल विवाह समाज में एक अभिशाप है सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षित होकर जागरूक होना और बाल विवाह की रोकथाम करना हमारा कर्तव्य है इन बातों से उन्होंने अपनी बात प्रारंभ किया।

बाल विवाह अधिनियम 2006 के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। बालिका जिसका विवाह कम उम्र में हो जाता है उसे शारीरिक रूप से किन-किन बीमारियों से जूझना पड़ता है। कुपोषण, यौन समस्याएं, मानसिक रूप से अस्वस्थ आदि अनेक समस्याएं जन्म लेती है।

गर्भावस्था कम उम्र होने के कारण बालिकाओं की मौत तक हो जाती है इसके भयानक रूप पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय में चार विद्यार्थी छात्राओं को एम्बेसडर के रूप में नियुक्त किया गया जिसमें गजल बरखाने, नैनी राजपूत,

अर्चिता मिगलानी और पूनम राकेशिया को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय स्नातक एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एम्बेसडर चुना गया।

यह छात्राएं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय सहयोग महाविद्यालय को प्रदान करेगी और समय-समय पर जागरूकता के कार्यक्रम रेलिया पोस्ट प्रतियोगिताएं रंगोली प्रतियोगिताएं और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह छात्राएं महाविद्यालय को एक दिशा प्रदान करेगी और उनके द्वारा बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समझ में रोकने के लिए निरंतर आगामी भविष्य में प्रयास किए जाएंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर द्वारा छात्र एवं छात्राओं को सामाजिक कुरीति बाल विवाह और अंधविश्वास जैसी गतिविधियों को रोकने हेतु आह्वान किया गया। कानूनी कार्यवाही के लिए उन्होंने अधिनियम 2006 के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी कार्यक्रम के संचालन में मुख्य रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा जो शासन के द्वारा दी गई थी इस पर डॉक्टर संगीता वाशिंगटन कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा प्रकाश डाला गया और संचालन किया गया।

बाल विवाह जैसी कुप्रथा के लिए विद्यार्थियों को स्लोगन भी दिया गया कि पहले शिक्षा फिर विदाई जैसे स्लोगंस पर बोल दिया गया अंत में कार्यक्रम का समापन आभार खेल अधिकारी नीरज पाल के द्वारा किया गया और भारत माता की जय के उद्घोष से कार्यक्रम का समापन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.के जैन के निर्देशन में एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉ जवाहरलाल शुक्ल के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एस.के.नायक प्रोफेसर विवेक कुर्मी,डॉक्टर मधु सिंह,डॉक्टर टीकाराम, डॉक्टर रोशनी आदि वक्तओ ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अपने-अपने विचारों के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जिससे विद्यार्थी मातृभाषा को समझने और उसके महत्व को जानने से लाभान्वित हुए एम. ए प्रथम हिंदी साहित्य की विद्यार्थी प्रतिभा राजपूत एवं ऋषभ कौरव ने मातृभाषा हिंदी को जानने के लिए वक्ताओं से अपनी जिज्ञासा प्रश्नोत्तरी के रूप में व्यक्त की जिसका सभी वक्ताओं ने उचित समाधान दिया ।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर रिचा अतिथि विद्वान प्रोफेसर शिवम शर्मा डॉ कमलेश डेहरिया छात्र चेष्टा भार्गव, अमरदीप कौरव, नेहा वर्मा,प्रिया दुबे,आस्था गौरव आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉक्टर जवाहरलाल शुक्ल के द्वारा संगोष्ठी में व्याख्यान रखने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र, पेन एवं डायरी प्रदान की गई कार्यक्रम का सफल एवं ओजस्वी संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया ।

जिला स्तरीय समिति गठित

दमोह, देशबन्धु। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हायर सेकेण्डरी हाईस्कूल बोर्ड परीक्षायें क्रमशः 25 एवं 27 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 मार्च तक आयोजित हो रही है। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों पर सतत् निगरानी करने एवं नियंत्रण हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला स्तरीय समिति का गठन किया है।

उन्होंने समिति में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, प्रबंधक ई गर्वनेंस, जिला प्रभारी साईबर सेल पुलिस एडीपीसी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र असाटी एवं प्रभारी आईटी सेल कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु पाण्डे को नियुक्त किया है।

नया बना सार्वजनिक शौचालय हुआ ओवरफ्लो

जुन्नारदेव, देशबन्धु । पंचायत में शासन प्रशासन के पैसों का लगातार दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसके अनेकों उदाहरण जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में लगातार देखने को मिल रहे हैं। वर्तमान में तो तब हद हो गई जब महाशिवरात्रि मेले के चलते ग्राम पंचायत उमराड़ी में भक्तों के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य में गुणवत्ता हीनता और लापरवाही स्पष्ट तौर पर उजागर होती दिखाई दी जहां पर नवनिर्मित सेफ्टी टैंक ओवरफ्लो होकर बहता नजर आया।

इससे स्पष्ट हो गया कि बिना खुदाई कर ही ऊपर ही ऊपर सेफ्टी टैंक का निर्माण

निर्माण कार्य की खुली पोल

कार्य पंचायत द्वारा कर दिया गया है वही इसकी मोटी रकम की बंदरबांट भी पंचायत के नुमाइंदों और अधिकारियों द्वारा कर ली गई है। अब सवाल यह उठता है कि महादेव मेला जब अपने चरम पर है ऐसे में मेला यात्रियों को मिलने वाली यह सुविधा बुरी तरह लड़खड़ा रही है अब अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं यह देखना होगा।

क्या कहते हैं अधिकारी - मेरे द्वारा तत्काल सचिव को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया गया था

रश्मि चौहान
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत जुन्नारदेव

इंजीनियर खान को इस समस्या के लिए फोन लगाया गया तो घंटी बजती रही लेकिन इंजीनियर खान ने फोन रिसीव नहीं किया।

गोटेगांव में सजी बाल पंचायत की कैबिनेट

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत दिवस गोटेगांव खेड़ा में एक ऐतिहासिक पल आया है जब यहाँ यूनिसेफ के सहयोग से बाल पंचायत की बाल कैबिनेट को सजने संवरने का मौका मिला । इस बाल कैबिनेट का नेतृत्व बाल सरपंच अफरीन खान कर रही हैं, जो इस पंचायत में बाल अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। गाँव के लोग भी इस बाल कैबिनेट को देखने के लिए विशेष तौर पर पहुंचे ।

बाल सरपंच अफरीन ने कहा है कि वह इस बाल पंचायत के माध्यम से गाँव के बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि वह पूरी पंचायत के साथ मिलकर गाँव की दशा और दिशा बदलने का काम करेंगी।

गोटेगांव खेड़ा की लोकप्रिय सरपंच प्रियंका खेमरिया ने कहा है कि बाल पंचायत बनने से उनके गाँव के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह आया है। बाल कैबिनेट के कार्य करने से ग्राम पंचायत के कार्यों में भी गुणवत्ता आ रही है। यहाँ हर सप्ताह बच्चों की मीटिंग रखी जाती है, जहाँ उनसे जुड़े हुए प्रश्नों के

उत्तर दिए जाते हैं और उनके सुझाव को ग्राम पंचायत में भी शामिल किया जाता है।

इस बाल पंचायत का गठन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति द्वारा प्रशंसा प्राप्त बीबीपुर मॉडल ऑफ वुमेन एम्पावरमेंट एंड विलेज डेवलपमेंट के तहत किया गया है। इस पंचायत को आगे बढ़ाने के लिए यूनिसेफ की थीम का प्रयोग किया गया है, और इसमें इस कार्यक्रम के यूनिसेफ के की तरफ से सलाहकार सुनील जगलान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुनील जागलान ने कहा कि यूनिसेफ द्वारा इस गाँव के बाल हितैषी आदर्श पंचायत बनाने का मकसद है और मुझे खुश है कि यह ज़मीनी स्तर पर हो रहा है । यहाँ पर बच्चे बहुत उत्सुक व सक्रिय हो गए हैं इसका प्रभाव नर्सिंग की सभी पंचायतों पर पड़ेगा ।

बाल कैबिनेट में दिवान पंचायत द्वारा गाँव में बच्चों के लिए पुस्तकालय, पार्क , खेल आयोजन व स्वास्थ्य जाँच के प्रस्ताव पास किए गए जिसे पूरी बाल कैबिनेट की सहमति से पास किया गया । प्रस्ताव पास करके उसकी प्रति बालिका सरपंच आफ़रीन ने गाँव की सरपंच प्रियंका खेमरिया को दी है।

दैनिक राशिफल

सोमवार 24 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की ग्यारस, नक्षत्र- पूषा।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफ़लता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

1,3,5,9,10,31,57,95,59,13,05,99